# मनसरोवर कम्पलेक्स में बनी विवाद की स्थिति नपानि कर्मचारियों व समिति के बीच हुई बहस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त करने की मुहिम के तीसरे दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। नगर निगम का अमला जब मानसरोवर काम्पलेक्स पहुंचा तो हालात उस वक्त बिगड़ गए जब स्थानीय दुकानदारों और सोसाइटी समिति के पदाधिकारियों ने निगम की टीम को कार्रवाई करने से रोक दिया। नगर निगम की टीम शुक्रवार दोपहर को मानसरोवर काम्प्लेक्स की पार्किंग को अतिक्रमण मुक्त करने पहुंची, वहां सोसाइटी अध्यक्ष हेमंत पटेल अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए और निगम कर्मियों को खुलेआम अंदर नहीं घुसने की धमकी दी।

स्थानीय दुकानदारों ने नगर निगम टीम पर गाली-गलौज और धक्का-मुक्की का आरोप लगाया। यादव टी स्टाल के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान स्थिति और बिगड़ गई, जहां कहासुनी के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया। ताज्जुब की बात ये है कि मौके पर पुलिस बल तैनात नहीं था।




इससे पहले की कार्रवाई में भी निगम कर्मियों को पुलिस की निष्क्रियता से खुद हालात संभालने पड़े थे। दुकानदारों ने हंगामे के दौरान कहा पहले गोलगंज में कार्रवाई करो, वहां बड़े व्यापारी हैं, हम तो छोटे लोग हैं। कार्रवाई के बीच समिति अध्यक्ष हेमंत पटेल ने टीम से कहा- यह निगम क्षेत्र में नहीं आता, यहां आना भी मत, और अगर आए तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। इस दौरान निगम कर्मचारी चारों ओर से घिरे हुए नजर आए और हाथ जोड़ते हुए विनती करते रहे।

**नगर निगम ने की पहल**-कार्रवाई के दौरान नगर निगम ने एक नई पहल की जिसके तहत जिस वाहन में सामान जब्त किया जा रहा था उस वाहन पर अभिनव पहल करते हुए स्टेच्यू में लिखा मैं अतिक्रमण में था इसलिए जप्त किया गया। गौरतलब है कि नगर निगम ने अतिक्रमण करने वालों को पर्याप्त अवसर देने की बात कही थी, जिसके बाद कार्यवाही की गई ।

छाया- शेख अल्फज

## ग्रामीणों और युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याण कारी योजनाओं और भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर सिंगोड़ी मंडल की ग्राम पंचायत खमरा चौरई के ग्राम पिंडरई डबीर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और युवाओं ने भाजपा का दामन थामा है। भाजपा में शामिल होने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उन्हें भाजपा का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया।

भाजपा में शामिल होने वाले लोगों में अंतकुमार मर्सकोले, रेखन परतेती, रवि काकोड़िया, सुरेश धुर्वे, नीतेश काकोडिया, हाफिज़ मंसूरी, मंसूर पटेल, सादिक मंसूरी, यासीन मंसूरी, मनोज धुर्वे, सतीश परतेती, नामदेव बंजारा सहित अन्य युवा शामिल है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह, मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार, महामंत्री राजेश कहार, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफ्ली, रिज़वान कुरैशी, डॉ. गोपाल यदुवंशी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शुभम कॉलोनी की सड़क जर्जर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा के खान कॉलोनी से लगी हुई शुभम कॉलोनी को जाने वाली सड़क में एक गहरा गड्ढा हो जाने के कारण पानी गिरते ही नागरिको को असुविधा होने लगी है। आयुक्त नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा और वार्ड पार्षद से मांग की गई है कि शुभम कॉलोनी जाने वाले मार्ग का गड्ढा तत्काल रिपेयर किया जावे ताकि आम जनता को वर्षा के दौरान आने जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

### सार-समाचार

## प्रभारी कलेक्टर ने प्रोजेक्ट अनुगामी सामुदायिक एएए का किया शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. शासन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य विभाग एवं अंतरा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से ष्प्रोजेक्ट अनुगामी तथा सामुदायिक एएए पहल का औपचारिक शुभारंभ प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला परियोजना अधिकारी सहित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी कलेक्टर कुमार ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा रेफरल लूप को प्रभावी रूप से बंद करना तभी संभव है जब स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर समन्वयित प्रयास करें। हमें उन दूरस्थ क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जहाँ सूचना का आदान-प्रदान



सीमित है और वहाँ विशेष ध्यान देना होगा। तकनीकी सहायता के माध्यम से यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान, ट्रैकिंग और देखभाल की प्रक्रिया में कोई कमी न रह जाए। समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर स्थायी परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

प्रोजेक्ट अनुगामी मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने और सुरक्षित मातृत्व अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त बनाने की एक नवाचारपूर्ण पहल है। यह परियोजना केस-दर-केस ट्रैकिंग को सरल बनाकर, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं और नवजातों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद करती है।

इस परियोजना का प्रारंभिक क्रियान्वयन अंतरा फाउंडेशन द्वारा जिले के विकासखंड मोहखेड़, बिछुआ और तामिया प्राथमिकता वाले 21 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एच.डब्ल्यू.सी.) में किया गया है। इन केंद्रों का चयन मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के विश्लेषण के आधार पर किया गया है।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक एएए आशा, आंगनवाड़ी, (एएनएम) पहल पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस पहल के अंतर्गत समुदाय के सक्रिय सदस्य और कार्यकर्ता मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि हर माँ और हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित गाँव का निर्माण हो सके।

## ईद उल अज़हा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**मोहखेड़, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ईल उल अज़हा का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व कौमी एकता के रूप में मनाए जाने को लेकर मोहखेड़ थाना में 6 जून को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जहां त्यौहार को आपसी भाईचारे, स्भावना पूर्वक मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बता ें कि आज आज शनिवार 7 जून को ईद के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक 6 जून को आयोजित की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी, तहसीलदार एवं गांव के गणमान्य नागरिक, जिला पंचायत सदस्य मदन साहू, सरपंच फैयाज खान, सूरज सोनघरे, सुदामा डोबले, दिनेश घोरसे, मनोज साहू, अब्दुल्ला खान, राजकुमार सोनी, पिंटू साहू एवं समस्त स्टाफ पदाधिकारी गण उपस्थिति रहे।

## मोहिनी वानखेड़े का वनस्पति शास्त्र में पीएचडी के लिए चयन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ऊभेगांव निवासी शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी ओमकार वानखेड़े नागरिक टेलर्स की पुत्री एवं किरार समाज के युवा जिला अध्यक्ष भीमसिंह चौरे की पत्नी श्रीमती मोहिनी वानखेड़े का पीएचडी के लिए चयन हुआ है। वह राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा से वनस्पति शास्त्र विषय में पीएचडी करेंगी।



पूर्व में आपने राजमाता सिंधिया महाविद्यालय से बीएससी एवं दानियलसन महाविद्यालय से एमएससी की डिग्री प्राप्त कर यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया था एवं बॉटनी विषय से नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण किया है। मोहिनी की उपलब्धि से परिवार एवं समाज में गौरव का माहौल है। पिछले सप्ताह अल्प प्रवास पर छिंदवाड़ा आए नर्मदापुरम के सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने भी मोहिनी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी थी। नेट परीक्षा उत्तीर्ण होने पर किरार समाज के पदाधिकारियो ने भी सामाजिक समारोह में स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर मोहिनी का सम्मान किया था। इस सफलता के पीछे उनकी मेहनत और लगन का बड़ा योगदान है। उनके पति भीमसिंह चौरे किरार समाज के युवा जिला अध्यक्ष के रूप में लगातार समाज सुधार के कार्य करते हैं। श्री चौरे का कहना है कि परिवार की जिम्मेदारियो का निर्वहन करते हुए मोहिनी ने पीएचडी परीक्षा उत्तीर्ण की है। वह हमेशा शोध कार्य में उनका साथ देंगे ताकि पीएचडी पूर्ण कर मोहिनी को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर सके व किरार समाज की महिलाओ के लिए प्रेरणा बने। मोहिनी की इस उपलब्धि से परिवार एवं समाज के लोगों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## वीतराग भवन में हुई जैनत्व शिविर की परीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अहिंसा स्थली गोल गंज के वीतराग भवन एवं स्वाध्याय भवन में सकल जैन समाज के बाल-युवा एवं प्रौढ़ वर्ग के लिए चल रहे जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर के सातवें दिवस 5 वर्ग के 250 विद्यार्थियों ने परीक्षा देकर जैन दर्शन के मुख्य सिद्धांतों को अपनी सरल भाषा में लेखांकित किया।

जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि सात दिवसीय जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा किया गया है, जिसमें लेवल 1 अरिहंत कक्षा- पंडित ध्रुव शास्त्री भोपाल द्वारा, लेवल 2 सिद्ध कक्षा- पंडित अशोक शास्त्री उज्जैन, विदुषी स्वीटी शास्त्री राघौगढ़ एवं पंडित आयुष शास्त्री दिल्ली द्वारा, लेवल- 3 आचार्य कक्षा पंडित अनमोल शास्त्री, पंडित अचल शास्त्री द्वारा लेवल 4 उपाध्याय कक्षा पंडित अशोक शास्त्री राघौगढ़ द्वारा, लेवल 5 साधु कक्षा पंडित अमन शास्त्री आरोन द्वारा चलाई गई। विशेष कक्षा के रूप जैन इतिहास-एक परिभ्रमण पंडित आयुष शास्त्री उदयपुर द्वारा लगाई गई।

सभी वर्ग के जूनियर विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा एवं सीनियर वर्ग की





लिखित परीक्षा ली गई जिसमें 250 शिविरार्थियों ने हिस्सा लिया।

**इनका मिला सहयोग**-परीक्षा को संपन्न कराने में शिविर के विशेष सहयोगी अशोक जैन, दीपक राज जैन, वर्षा पाटनी, आर्या जैन, संस्कृति जैन, इशिता जैन, दिवस शास्त्री सहित अन्य सेवाभावी जिनशासन सेवकों का सहयोग प्राप्त हुआ, जिनके परिणामों की घोषणा कर विशेष समारोह में सम्मानित किया जावेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया प्रकृति प्रेमी युवाओं की एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है इस संस्था के माध्यम से देश भर में युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए साहसिक गतिविधियों जैसे जंगल ट्रैकिंग साइकिल, मोटरसाइकिल अभियान, पर्वतारोहण, जंगल कैंपिंग, प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम देश के विभिन्न प्रमुख मनोरम पर्यटन स्थलों पर वर्षभर नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

यह संस्था इंटरनेशनल यूथ हॉस्टल फेडरेशन से संबंध है मध्य प्रदेश में अनेक जिलों में यह संस्था कार्य कर रही है। छिंदवाड़ा जिले में वर्ष 1994 से इस संस्था के द्वारा वर्तमान वर्ष 2025 तक लगातार युवा साहसिक गतिविधियों एवं प्रकृति भ्रमण कार्यक्रम कराई जा रहे हैं

सतपुड़ा की वादियां देश-विदेश से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है यह सुंदर वादियां यहां का हरा-भरा पर्यावरण यूं ही संतुलित रहे। इसी उद्देश्य को लेकर यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया सतपुरा इकाई छिंदवाड़ा के युवा उत्साही सभापति प्रदीप वाल्मीकि की पहल से विश्व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गत 5 जून 2025 को इकाई के स्थानीय कार्यालय ई.एल.सी. कंपाउंड नागपुर रोड छिंदवाड़ा में पर्यावरण के बढ़ते असंतुलन के खतरों को दृष्टिगत रखते हुए एक पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विचार वक्त के रूप में इंजीनियर ग दंडवत द्वारा अपनी नर्मदा परिक्रमा के अनुभव सुनते हुए नदी किनारे के डेल्टा और मृदा के चरण तथा रेट के उत्खनन के कारण भविष्य में होने वाले गंभीर जल संकट को लेकर चिंता व्यक्त की साथ ही पर्यटन स्थलों पर्यटन स्थलों की सुरक्षा हेतु भी विचार व्यक्त किये, युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिम प्रशिक्षक रविकांत अहिरवार ने पर्यावरण के असंतुलन को रोकने के लिए नदी किनारे ग्रामीणों को जागरूक करके अधिक से अधिक पेड़ लगाने की सुझाव दिए तथा ग्रामीण अंचलों



## सतपुड़ा अंचल के प्राकृतिक स्थलों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन मुद्दों पर किया गहन चिंतन

में नदी के किनारे होने वाले वन कटाई, रेत उत्खनन जैसी समस्याओं पर आम जनता से जनसुनवाई में जाने की अपील की युवा वक्त मोहित सूर्यवंशी ने विचार व्यक्त किए की नदी किनारे फलदार वृक्षों का रोपण किया जाए जिससे ग्रामीण की आर्थिक स्थिति भी सुधार हो सके, साथ ही गर्मी में जल संकट ज्यादा बढ़ जाता है इसलिए ग्रामीण अंचलों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाने चाहिए संस्था के सहसचिव अनिल मेहरौलिया ने वृक्ष लगाए जाने के साथ-साथ उन्हें आगे तक सुरक्षित समवर्धन करने के लिए विशेष पहल करने की बात की, संस्था के फाउंडर चेयरमैन मार्गदर्शक सुरेश चंद्र सालोडकर ने अपने विचारों में कहा की नदियों में खारी विसर्जन पर रोक लगी लगाई जानी चाहिए, संस्था के उपाध्यक्ष अरविंद भट्ट ने अपने विचारों में बताया कि अपने परिवार के बुजुर्गों के गुजरने पर उनकी स्मृति में पौधा लगाए जाने की परंपरा होनी चाहिए जिससे आने वाले समय में पर्यावरण संकट से मुक्ति मिलेगी।

संस्था के सभापति प्रदीप वाल्मीकि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश के स्वस्थ पर्यावरण हेतु जीवनदायिनी नर्मदा नदी का सर्वाधिक महत्व है इसलिए नर्मदा जी के जल संरक्षण हेतु जन-जन में जागरूकता अभियान चलाया जाना अत्यंत आवश्यक है। नर्मदा के जल में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष नियम बनने चाहिए, श्रद्धालुओं को जल संरक्षण का विज्ञान समझाया जाना चाहिए, नर्मदा जी के जाल में मिलने वाले अनेक उद्योग जनित जहरीले रासायनिक केमिकल साबुन सोड़ा शैंपू से होने वाले जल प्रदूषण को रोका जाना चाहिए।

मध्य प्रदेश राज्य में पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को लेकर भी पर्यावरण संगोष्ठी में विचार व्यक्त किए गए जिसमें जलप्रपातों के समय सुरक्षित वाहन पार्किंग, पुलिस सुरक्षा तथा जोखिम भरे स्थानों पर सुरक्षित रेलिंग तथा सुरक्षित सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने, पर्यटन स्थलों के आसपास अनैतिक गतिविधियों, शराबखोरी आदि पर सख्ती पूर्वक प्रतिबंध लगाए जाने पर चर्चा हुई, साथ ही आगामी रविवार को वरिष्ठ ट्रेक डायरेक्टर इंजीनियर पी.जी. दंडवते के मार्गदर्शन मे शिवपुरी, मोठार रोड स्थित सन हिल ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन आज रविवार 8 जून 2025 को किया जाना भी प्रस्तावित हुआ है की जानकारी प्रदीप वाल्मिकी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## सौसर-पांढुर्णा विधायक की मौजूदगी में धरना प्रदर्शन

**मोहखेड़, देशबन्धु।** आज जनपद पंचायत मोहखेड़ में नाराज जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों के द्वारा जनपद की तालाबंदी एवं जनपद के समक्ष धरना प्रदर्शन सौसर एवं पांढुर्णा विधायक की विशेष मौजूदगी में किया गया, मोहखेड़ जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों का यहां कहना है की कई महीनो से लगातार निवेदन आवेदन जनपद सी.ई.ओ. के समक्ष किया जा रहा है। सामान्य प्रशासन की बैठक नहीं ली जा रही है एवं 1 वर्ष से जनपद सदस्यों की राशि का अनुमोदन हो गया परंतु राशि का वितरण भी नहीं किया जा रहा है इससे नाराज जनपद सदस्य ने आज विधायक की मौजूदगी में जनपद के समक्ष धरना प्रदर्शन किया एवं जनपद सदस्य, उपाध्यक्ष, विधायक ने यहां चेतावनी ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासनिक अधिकारियों, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को दी कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वहां आगे चक्का जाम करेंगे। इस अवसर पर सौसर विधायक विजय चौरे, पांढुर्णा विधायक निलेश ऊईके, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ईश्वर बडीबा, जनपद सदस्य विजय गावंडे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रघुवीर मोहने, बिछुआ नगर पर्यवेक्षक किशोर डोंगरे, सूरज सोनघरे, राजू बाडीबा, जनपद सदस्य राधिका सदाशिव धुर्वे, किरण बवन अम्बोलकर, बबीता अशोक सलाम, प्रहलाद ऊईके, अनीता साहू, ओमकार बट्टी, सरजू अनिरुद्ध टेकले, सीमा राजेश मरकाम, आशा पप्पू चौधरी, बाली अंबीलाल भोसम, योगेश राजनकर, मिलिंद घोगरे, अक्षय साहू, बंटी फिटिंग, कैलाश डोंगरे, सोनू अंसारी एवं समस्त जनपद सदस्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# पुलिस ने किया शहर में फ्लैग मार्च



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज़ शनिवार 7 जून को त्यौहार बकरीद के मद्देनज़र जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। यह फ्लैग मार्च पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ। फ्लैग मार्च फव्वारा चौक से प्रारंभ होकर गोलगंज, अकबरी मस्जिद, रॉयल चौक, छोटी बाजार, पावर हाउस, छोटा तालाब से होते हुए यातायात तिराहा पुलिस लाइन पर संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सी.सी. अजय राणा, डी.एस.पी. (यातायात) रामेश्वर प्रसाद चौबे, डी.एस.पी. राजेश बंजारे, थाना प्रभारी कोतवाली आशीष कुमार सहित अन्य थानों के थाना प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी सहित पुलिस बल के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने जनता को यह संदेश दिया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है और किसी भी प्रकार की अशांति या अव्यवस्था को सहन नहीं किया जाएगा। इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा का सकारात्मक वातावरण बना है। बता दें कि आज ईद का पर्व बड़ी ईदगाह, छोटी ईदगाह के साथ-साथ निर्धारित मस्ज़िदों में नमाज अदा करने के साथ मनाया जाएगा। अंजुमन कमेटी ने ऐलान किया है कि निर्धारित समय पर नमाज अदा की जाएगी, यदि काल परिस्थितियों में सुबह बारिश होती है ऐसी स्थिति में सभी मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए पुलिस, जिला प्रशासन, नगर निगम, एम.पी.ई. बी. आदि सभी ने तैयारियां भी कर ली है।



## अतिरिक्त संचालक डॉ. चंदेलकर ने किया शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री.श्री.ल.ना.शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया में कल 06 जून 2025 को उच्च शिक्षा विभाग क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के अतिरिक्त संचालक डॉ.पी.आर. चंदेलकर द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया जिसमें डॉ. पी.आर. चंदेलकर ने महाविद्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण कर अपने निर्देष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के.बारसिया को दिये।

निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. बारसिया द्वारा क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. पी.आर. चंदेलकर को 23 एवं 24 मई 2025 को नैक मूल्यांकन उपरांत महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेड प्राप्त होने की जानकारी प्रदान की गई। क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक द्वारा प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार को ठ ग्रेड प्राप्त होने पर बधाई प्रदान की। क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक का प्रभार संभालने के बाद डॉ. पी.आर. चंदेलकर यह प्रथम निरीक्षण दौरा है। इससे पहले डॉ. पी.आर. चंदेलकर छिन्दवाड़ा जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों जैसे- शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव, राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय छिन्दवाड़ा, शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया एवं शासकीय स्वषासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में प्राचार्य का पद संभाल चुके है।

### सार-समाचार

## आदिवासी प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में ट्राइबल अधिकारी-11 ने आईटीआई-11 को सात विकेट से हराया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके द्वारा आदिवासी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय इनर ग्राउंड में आज किया जा रहा है।

आयोजक प्रमुख एवं नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने बताया कि आयोजित आदिवासी प्रीमियर लीग 2025 के प्रथम संस्करण में शुक्रवार को पहला मैच आई.टी.आई. 11 विरुद्ध ट्राइबल अधिकारी 11 के बीच खेला गया जिसमे आई.टी.आई. 11 पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 144 रन बनाएं, वही ट्राइबल अधिकारी 11 ने 9.1 ओवर में 03 विकेट खोकर 148 रन बनाकर 07 विकेट से जीत लिया, जिसमे मैंन ऑफ द मैच अनिकेत रहे, इन्होंने 22 बॉल पर शानदार 68 रन बनाए, जिसमें मुख्य अतिथि महापौर विक्रम अहके, आशीष ठाकुर, अगहन शाह उईके, जयराम मरावी, एल.सी. मरावी, एस.बी. इवनाती, सुरेश कुमार परस्ते, सत्येंद्र सिंह मरकाम, आर.एस. उईके, दिलीप उईके, कन्हैया लाल सीलू, आशीष सलामे, चित्रगुप्त सिसोदिया, अरविंद धुर्वे, संजय परतेती, हेमकरण शाह तिरगाम, सी.बी. अहके, विनोद कुर्राम, अनिकेत अहाके, अभिषेक पंद्रे, डॉ. राजेश बरौनियां, डॉक्टर धर्मेंद्र मरावी एवं प्रतियोगिता के सचिव राघवेंद्र शाह उईके ने आज के मैच 07 जून 2025 के बारे में बताया की कल दो सेमीफाइन मैच खेला जाएंगे, जिसमें मैच सुबह 8.00 बजे से ट्राइबल अधिकारी 11 विरुद्ध बिरसा मुंडा 11 के बीच एवं परासिया 11 विरुद्ध चौरई 11 के मध्य खेला जाएगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जन सेवा हिताय संगठन एवं जन अभियान परिषद द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जन सेवा हिताय संगठन एवं जन अभियान परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रमष् का भव्य आयोजन दिशा योग क्लास परिसर में किया गया। संगठन प्रमुख श्रीमती हर्षा बनोदे के नेतृत्व में संपन्न इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर संगठन की सहसचिव गुरुशरण कौर के जन्मदिन को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाते हुए पौधारोपण किया गया। मीडिया प्रभारी अखिल सूर्यवंशी ने बताया कि इस अवसर को और भी सार्थक बनाने हेतु एक नाट्य प्रस्तुति भी आयोजित की गई जिसका निर्देशन डॉ. पवन नेमा संस्थापक नेमा क्षारसूत्र संस्थान द्वारा किया गया। नाटक के माध्यम से जल संरक्षण और स्वच्छता की महत्ता को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी पूर्णानंद सरस्वती, जन अभियान परिषद को-ऑर्डिनेटर अखिलेश जैन, साध्वी उषा शर्मा, समाजसेवी विनोद तिवारी, एवं डॉ. पवन नेमा की गरिमामयी उपस्थिति रही। जन अभियान परिषद जिला कोडिनेटर अखलेश जैन ने एम.एस.डब्ल्यू. एवं बी.एस.डब्ल्यू. के विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इन्हीं युवाओं के प्रयासों से छिंदवाड़ा के हर वार्ड का पर्यावरण सुंदर बन रहा है। कार्यक्रम में विशेष सहयोग जन अभियान परिषद मेंटर आशीष साहू, श्रीमती लता नागले, सुनीता शर्मा, रूपा प्रधान, दीक्षा बिसेन, डॉ. राम कुमार आमगोरिया, नीलेश राजा राजपूत, गणेश वर्मा, कमलेश वर्मा, नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समाज के अन्य जागरूक नागरिकों एवं समूहों की सक्रिय उपस्थिति रही।



## जिला क्षत्रिय मराठा समाज ने शिवाजी महाराज का मनाया राज्याभिषेक दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला क्षत्रिय मराठा समाज ने अपने आराध्य देव, मराठा साम्राज्य के संस्थापक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया। सुबह नौ बजे सभी सामाजिक बंधु, युवा और मातृशक्ति नागपुर रोड, शिवाजी चौक पहुंचे। यहां सर्वप्रथम ढोल नगाड़ों की धुन में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का दूध से अभिषेक किया। इसके बाद सभी सामाजिक बंधुओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन किया और शिवाजी की प्रतिमा पर माल्याणर्पण कर पुष्पवर्षा की। ढोल नगाड़े के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज का जयघोष किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया कि शिवाजी महाराज का राज्य अभिषेक दिवस हमारे लिए नई चेतना, नई ऊर्जा लेकर आता है।



जिला क्षत्रिय मराठा समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि आज ही के दिन महाराज शिवाजी से छत्रपति बने थे। 6 जून 1674 को मराठा योद्धा शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में हुआ था, जहां से उन्होंने हिंदवी-स्वराज की स्थापना की थी। उनके राज्याभिषेक दिवस को जिला क्षत्रिय मराठा समाज छिंदवाड़ा ने एक उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ विजय चौहान, पूर्व अध्यक्ष दीपक मोहिते, अध्यक्ष प्रवीण काटकर, सुनील निंबालकर, प्रवीण मराठा, पारस आखरे, आलोक चौधरी, राकेश मानमोड़े, लक्ष्मण घोरपड़े, मनोज ताठे, राहुल कदम, प्रशांत गायकवाड़, संजय दलदले समाज की नगर महिला अध्यक्ष श्वेता ताठे सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुए युवा और मात्र शक्ति उपथित रहे।

## शहर के वार्डो में तैयार हो रही है कांग्रेस की सशक्त टीम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्डों में कांग्रेस की सशक्त टीम तैयार की जा रही है। वार्ड स्तर पर पहुंचकर शहर कांग्रेस के पदाधिकारी संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप रहे हैं, ताकि वार्ड के प्रत्येक घर तक कांग्रेस की मजबूत पहुंच हों।

शहर कांग्रेस कमेटी के अन्तर्गत आने वाले कांग्रेस के पश्चिम उप ब्लॉक की बैठक वार्ड क्रमांक 42 में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में संगठन को सशक्त करने के साथ ही वार्डवार पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी भी सौंपी जा रही है। आगामी दिवस में भाजपा की जनविरोधी सरकार के खिलाफ बिगुल फूंकने की तैयारी वार्ड व बूथ स्तर से की जा रही है। पश्चिम उप ब्लॉक के सभी वार्ड व घरों तक कांग्रेस के मजबूत सम्पर्क स्थापित करने के साथ ही लोगों से सीधे संवाद की रणनीति तैयार की गई। आमजन की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाकर प्रदेश की सोई हुई भाजपा सरकार के कानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

आयोजित बैठक में सोनू मागो, पप्पू यादव, मंजू बैस, आशीष चौधरी, तरूण कराड़े, गणेश चौबे, अल्केश कोल्हे, मयंक गजभिये, कमल करमेले, पंकज मोरे, अजय मेहता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यशाला

## अध्यक्ष, सांसद, विधायक और संगठन प्रभारी ने किया सम्बोधित





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, जिला संगठन प्रभारी संतोष पारिक एवं विधायक राजा कमलेश शाह ने शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा वन्देमातरम गीत का गायन जिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर द्वारा किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई की कविता छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता से अपना संबोधन प्रारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि अटलजी की यह कविता पढ़े सबने लेकिन अमल कोई नहीं करता। उन्होंने कहा कि एक समय हमने देखा था कि जिले में ऐसे लोग थे जिनके लिए कहा जाता था कि उनके दिए के तेल खत्म नहीं होता लेकिन आज उनके पास दिया जलाने के लिए तेल तक नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने आप सभी को जो जिम्मेदारी दी है उसे आपसी मनमुटाव, अपना पराया छोड़कर साथ में काम करते हुए निभाए। उन्होंने कहा कि दुनिया के लोग हमारी पार्टी को सम्मान से देखते हैं हमें ये सम्मान बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी कार्यकता बराबर है और पार्टी सभी को काम देती है। उन्होंने कहा कि सभी को बड़ा मन करके सभी कार्यकर्ता को एक साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि व्यक्ति बलबान नहीं होता, समय बलबान होता है, इसीलिए समय का सदुपयोग करें दुरुपयोग नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा के ऐसे बहुत से कार्यकर्ता जो केवल भाजपा के लिए काम करते हैं, वे कभी किसी के पास पद मांगने नहीं जाते, इसीलिए हमें उनके पास जाना होगा। उन्होंने हिदायत दी कि ध्यान रहे भाजपा का कोई भी समर्पित कार्यकर्ता छूटे नहीं।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि हमें पार्टी से आगामी दो महीने का कार्यक्रम मिला है हम सभी को पार्टी के मार्गदर्शन के अनुसार कार्य को करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार पौधारोपण बूथ स्तर पर आवश्यक रूप से करना है। पौधा रोपड़ के लिए बूथ क्षेत्र में निवासरत बुद्धिजीवी, गणमान्य नागरिक, बुजुर्ग, जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जनता को साथ लेकर करना है। उन्होंने बताया कि गांव में बीजारोपण भी किया जा सकता है। कार्यक्रम के उपरान्त फोटो सहित संगठन ऐप में अपलोड करना है और साथ ही साथ जिला कार्यालय को भी अवगत करना है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को प्रत्येक बूथ पर मनाना है। इस कार्यक्रम में बूथ स्तर के बुजुर्ग, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि को साथ लेकर कार्यक्रम को आयोजित करना है।

उन्होंने बताया कि 25 जून जिस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आपात काल की घोषणा कर संविधान हत्या की थी। भाजपा 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाती है, इस दिन को संविधान हत्या दिवस भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि आपात काल के 25 जून को 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं इस पर विशेष कार्यक्रम करते हुए लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने एक वाकिए को याद करते हुए बताया कि वे एक बार एक कार्यक्रम में छोटे से बच्चे से मिलेए उस बच्चे के पिता ने बताया कि वह बच्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत बड़ा फैन है, तब उन्होंने उस छोटे बच्चे से पूछा कि उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की क्या बात अच्छी लगती है तब उस छोटे बच्चे ने तपाक से कहा मोदी का भ्रष्टाचार मुक्त भारत। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष अभियान शुरू होने जा रहा है, साथ इस माह में अन्य कार्यक्रम भी होंगे।

यह हमारे लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने का अवसर है। कोई भी बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल छूट न जाए, इसके लिए योजना बनाकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि समय का सदुपयोग करें और अपने काम के लिए लगातार प्रवास करें। अभियान और कार्यक्रमों की सफलता के लिए अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय करें और सभी कार्यक्रमों को संगठन एप, सरल एप, नमो एप पर अपलोड करना न भूलें। सेवा, संकल्प व सुशासन को लेकर जिलों में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सभी योजनाओं की जानकारी को जनता तक पहुंचाना है। विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करना है। प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल की चर्चा करना है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संघर्ष पर चर्चा करना है।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गौरव का पल है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के 11 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संस्कृति को पुनर्जीवित करना का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की चौदहवीं अर्थव्यवस्था से विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है और इसी प्रकार जल्दी ही भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जायेगा। उन्होंने कहा कि मोदी का संकल्प भारत को विश्व की पहली बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण की योजनाओं को चलाकर और सीधे उन तक लाभ पहुंचाकर देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर किया है। उन्होंने कहा कि एक समय विश्व में भारत में फैली गंदगी चर्चा का विषय होती थी आज भारत की स्वच्छता चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प आत्मनिर्भर भारत का है और जिसे वे पूरी तन्मयता से पूरा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने समाचार पत्र में छपे समाचार का जिक्र करते हुए कहा कि आज के ही समाचार पत्र में छपा है कि अब राफेल का निर्माण भारत में ही होगा उसे आयात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत के इंजीनियरिंग की सफलता और बुद्धिमत्ता का परिणाम है चिनाव सेतु। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन, ईलाज, युवा को रोजगार, बुजुर्ग सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि चार दिन की पदयात्रा में राशन, ईलाज और शौचालय के सम्बन्ध में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली। उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत तवा नदी के उद्गम पर पौधों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि 21 जून को योग दिवस एवं 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस सभी बूथों पर आवश्यक रूप से मनाएं।